भारतीय जनता पार्टी
बिहार प्रदेश
8, वीर चन्द पटेल पथ, पटना-800 001
दूरभाष : (0612) 2504545, 2504529, 2504244, फैक्स : (0612) 2504852
e-mail : bjp.org@rediffmail.com

पत्रांक ....

दिनांक ....
दिनांक 01.06.2024

सेवा में,

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त,
   भारतीय निर्वाचन आयोग,
   निर्वाचन सदन, नई दिल्ली।

2. श्रीमान् मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
   7, सरदार पटेल मार्ग,
   बिहार, पटना–800015

3. श्रीमान् जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
   पटना।

विषयः– राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष–सह–बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव द्वारा अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह हरे रंग के पट्टे में लालटेन छाप बना हुआ गमछा गले में लपेट कर अपने चुनाव को प्रदर्शित करते हुए मतदान केन्द्र के अंदर जाना और जाकर मतदान करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने के संबंध में।

महोदय,

आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के दिन आज दिनांक 01.06.2024, दिन शनिवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष–सह–पूर्व मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव अपनी पार्टी राजद का चुनाव चिन्ह लालटेन वाला पट्टा/गमछा गले में लपेट कर अपनी पार्टी राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप को प्रदर्शित करते हुए मतदान केन्द्र के अंदर मतदान करने के लिए गये, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि वे मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर राजद के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे, इसके वजह से मतदान प्रभावित हो रहा है। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 130 के प्रावधानों से प्रतिबंधित है एवं दण्डनीय अपराध है जिसकी सजा भी इस धारा के अंतर्गत निहित है साथ ही साथ यह चुनाव आदर्श आचार संहिता के निर्देश सं0 135 की कंडिका 8 का खुल्लम–खुल्ला उल्लंघन है एवं भारतीय दण्ड विधान की धारा 171 के अंतर्गत भी दण्डनीय अपराध है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष–सह–पूर्व मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया जाए एवं उचित कानुनी कार्रवाई करने की कृपा किया जाए।

(दीपक वर्मा)	Arvind Kr Mandu (अरविन्द कुमार मंटू)	S.D. Sanjay (एस.डी. संजय)
मुख्यालय प्रभारी	न्यायिक प्रभारी	प्रदेश प्रमुख
न्यायिक मामले व चुनाव आयोग, संपर्क विभाग, भाजपा, बिहार।	न्यायिक मामले व चुनाव आयोग, संपर्क विभाग, भाजपा, बिहार।	न्यायिक मामले व चुनाव आयोग, संपर्क विभाग, भाजपा, बिहार।

Dr. Anjani Kr. Sah Adv.

Mithlesh Kumar Gupta Advocate

Sweta Singh Adv.

Sanjay Kumar Gupta

Anurag Singh

Santosh Kr Verma

Priyanka Raj Laxmi

S. D. Sanjay
आज 11:37 बजे

लालू पार्टी सिंबल वाला गमछ लगा बूथ के अंदर गए हैं

S. D. Sanjay
आज 11:37 बजे

लालू पार्टी सिंबल वाला गमछ लगा बूथ के अंदर गए हैं